हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

13 आम लोगों की शिकायतों का मौके पर ही हो रहा समाधान



14 सांसदों के निलंबन के विरोध में दिया धरना



## खबर संक्षेप

### डॉ. राजकुमार को मिलेगा इलस्ट्रियस एलुमनी अवार्ड

**फतेहाबाद।** संयुक्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समिति की ओर से फतेहाबाद की भाटिया कालोनी निवासी डॉ. राजकुमार गोयल का चयन इलस्ट्रियस एलुमनी अवार्ड-2023 के लिए किया है। डॉ. राजकुमार गोयल को पूर्व छात्र संबंध विभाग पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की ओर से शनिवार 23 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली चौथी वैश्विक पूर्व छात्र बैठक के दौरान भारत के उपराष्ट्रपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय के चांसलर जगदीप धनखड़ अवार्ड प्रदान करेंगे।

### नागरिक अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव बीराबदी निवासी जसवंत सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी मोटरसाइकिल नागरिक अस्पताल में बनी पार्किंग में खड़ी की और अस्पताल में भर्ती पत्नी को देखकर कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नंबरदार यूनियन के प्रधान का चुनाव 26 को

**रतिया।** रतिया ब्लॉक की नंबरदार एसोसिएशन की मीटिंग तहसील दफ्तर में हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान गुरप्यार बाड़ा ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला के प्रधान जगीर सिंह हसंगा पहुंचे। इस मीटिंग में राज्य प्रधान जिले सिंह के आदेश के अनुसार विधानसभा रतिया की नंबरदारों की कमेटी बनाई गई, जिसमें 6 मेंबरों का चुनाव किया गया। उसके प्रधान का चुनाव 26 दिसम्बर मंगलवार को किया जाएगा।

### प्रॉपर्टी आईडी की समस्याओं को दूर किया

**रतिया।** नगर पालिका कार्यालय में आज प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका सचिव पंकज जून के निर्देशों पर दो टीमों द्वारा दर्जनों शहरवासियों की प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याओं को दूर किया गया। इस कैंप में करण गेरा लिपिक, सुनील कुमार लिपिक, लकी कुमार लिपिक व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी।

### पुलिस ने छीना झपटी के आरोपी को किया काबू

**रतिया।** थाना सदर रतिया पुलिस ने छीना झपटी मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच शामिल किए गए आरोपी की पहचान जीवन उर्फ कट्टा निवासी घसवा के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीनी गई चेन को बरामद कर लिया है।

### सिरसा एवं फतेहाबाद में हवन यज्ञ के साथ हुआ दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शानदार आगाज

# कलाकारों ने ढोल-नगाड़े एवं हरियाणवी लोकगीतों से खूब जमाया रंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम





**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय गीता महोत्सव की शुभारंभ करते हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो व किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि



**फतेहाबाद।** मंच पर प्रस्तुति देने के लिए तैयार कलाकार। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर पंचायत भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने की। भव्य आयोजन में डीआईपीआरओ आत्माराम की प्रमुख भूमिका रही। चेयरमैन सुभाष बराला व विधायक लक्ष्मण नापा ने अधिकारियों व क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के साथ विभिन्न विभागों तथा सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया और दो दिवसीय गीता महोत्सव समारोह का शुभारंभ किया। इससे पहले उपायुक्त ने हवन यज्ञ में सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आहूति डाली और गीता पाठ किया।

चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि गीता जीवन जीने की पद्धति है। जीवन को किस प्रकार से व्यतीत किया जाए, यह गीता में स्पष्ट रूप से बताया गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इंद्रियों को वश में करके परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है। चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि कल्याणकारी राज्य की स्थापना में क्या हो, यह एकात्म मानव दर्शन दिखाता है। यह गीता के आधार से ही लिया गया है।

रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकली गीता ग्रंथ में केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि विज्ञान भी है। किसी भी देश, धर्म, समुदाय या क्षेत्र का लेखक, वैज्ञानिक अथवा धर्मगुरु गीता के महत्व को नकार नहीं सका है। इसकी असली महत्ता को वही समझ सकता है जो इसका गहराई से अध्ययन करता है। गीता हमें कर्म के संदेश के माध्यम से बहुत बड़ा ज्ञान देती है जिसमें फल की चिंता न करने की बात कहकर लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त होने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि जब-जब भी धर्म की हानि हुई तथा पापियों का नाश करने के लिए भारत देश में संत-महात्माओं व महापुरूषों ने अवतार लिया और जनता का उद्धार किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्यातिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय गीता महोत्सव में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ मिलकर काम करना है। आयोजित सेमीनार में एडवोकेट संत कुमार टूटेजा, अध्यापिका वीना, सुदामा शास्त्री आदि वक्ताओं ने गीता की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने महान ग्ंरथ गीता पर आधारित श्री कृष्ण भगवान की लीलाओं पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी, जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, बजरंग गोदारा, जिप सीईओ अजय चोपड़ा, डीएमसी संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेश कुमार, चेयरमैन राजेंद्र खिची, उपाध्यक्ष सविता टूटेजा, महिला नेत्री राखी मक्कड़, प्रवीण जोड़ा, गुलशन हंस, अनिल सिहाग, जगदीश शर्मा, भीम लांबा, लायक राम गढ़वाल, दर्शन नागपाल रणजीत ओड, नरेश तनेजा, राम कुमार मेहरा, भवानी सिंह, मुख्तयार बाजीगर, अवतार सिंह मोंगा, जगदीप सिंह मोंगा, राम सिंह, अजय मेहता, मुल्ख राज चावला, रामचंद्र रेलहन, सतपाल बाजीगर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बीन की धुन पर छात्राओं ने किया डांस



**सिरसा।** श्रीमद्भागवत के मंत्रोच्चारण व यज्ञ-हवन की पावन आहुतियां अर्पित करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव -2023 का शुभारंभ किया। उनके साथ महोत्सव के अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती व नगराधीश अजय सिंह भी मौजूद रहे। सभागार परिसर आज पूरी तरह से गीतामय रंग में रंगा हुआ नजर आया। हवन यज्ञ में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने पूर्णाहुति अर्पित की। इसके उपरांत उपायुक्त ने रिबन काटकर विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, पुलिस विभाग (यातायात पुलिस), जिला ग्रामीण विकास एजैन्सी, जन स्वास्थ्य विभाग, जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, बागवानी विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, सीईओ/एफएफडीए, सीईओ मिल्क प्लांट, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बिजली वितरण निगम, समाज कल्याण विभाग, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, खेल विभाग, रेडक्रास सोसायटी, आयुष विभाग, रोजगार विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग आदि की स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनहित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलवाए जाने के निर्देश दिए। सभागार में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंच पर दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। हरियाणवी राग-रागनियां, भजन, एकल नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा देख कर दर्शक भाव-विभोर हो गए। परिसर में ढोल-नगाड़े व बीन कलाकारों की थाप पर छात्र-छात्राओं ने जमकर डांस किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने हरियाणवी लोकगीत व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पारू लता, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल, सीडीएलयू सिरसा में मास कम्यूनिकेश विभाग के हेड अमित सांगवान, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बुटा राम, एओ प्रेम कुमार, एओ अमित कुमार, राजेश दुआ, लेखराज सचदेवा, राज अरोड़ा, संदीप मेहता, जुगल, मोहित सोनी, मनोज सचदेवा, सुनीता सचदेवा, भावना अरोड़ा, उषा मेहता, रीतु अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# कई पैक्स कर्मचारी नेताओं को किया नजरबंद, कइयों को किया गिरफ्तार



**सिरसा।** सरकार के खिलाफ धरना देते पैक्स कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा**

प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां महासंघ के आह्वान पर पैक्स कर्मचारी सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में आंदोलन की राह पर है। आंदोलन राष्ट्रीय पैक्स कर्मचारी संघ भारत के महासचिव व हरियाणा पैक्स कर्मचारी महासंघ के कमेटी सदस्य भगवंत शर्मा की अध्यक्षता में किया जा रहा है। वरिष्ठ उपप्रधान निहाल सिंह पंवार ने बताया कि तय कार्यक्त्रम के अनुसार शुक्त्रवार को हजारों पैक्स कर्मचारी चंडीगढ़ सीएम आवास का घेराव करने के लिए पहुंचे, लेकिन इस दमनकारी सरकार ने कर्मचारियों की आवाज को दबाते हुए चंडीगढ़ जाने से पूर्व ही कई नेताओं को घर पर ही नजर बंद कर दिया, जबकि अन्य कर्मचारियों को चंडीगढ़ धरनास्थल पर जाते ही गिरफ्तार कर लिया। सरकार की इस तानाशाही के बावजूद कर्मचारियों ने धरना देकर नारेबाजी करते हुए सरकार का विरोध किया व फैसला लिया कि 27 दिसंबर 2023 के मुख्यमंत्री आवास करनाल का घेराव किया जाएगा और जब तक कर्मचारियों की मांगें मानी नहीं जाती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

पंवार ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा 2019 वेतनमान खामी को दूर कर 7वें वेतनमान की रिपोर्ट पूर्व रजिस्ट्रार सहकारी समितियां हरियाणा को जस की तस लागू करना व केंद्रीय सहकारी बैंकों में बिना शर्त पदोन्नति बहाल करना है। कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश मेहता ने बताया कि 20 दिसंबर से पूरे हरियाणा में पैक्सों का कार्य पूर्ण रूप से बंद है, जिसमें वसूली न करना व खाद सहित बिक्री बंद कर दी गई है।

**कार्यक्रम** | क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

# गणित हमें सिखाता है कि जीवन की जटिल समस्याओं का हल संभव : पूनम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद**

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह से मनाया गया। यह दिन भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मान में मनाया गया। गणित के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उनके जन्मदिन पर गणित दिवस मनाने की घोषणा की थी। कनिष्का, फ्रेया, प्रभजोत और हश्मीत ने मंच संचालन करते हुए श्रीनिवास रामानुजन के गणित क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए भारत सरकार ने उनके जन्म दिवस पर गणित दिवस मनाने की घोषणा के बारे में बताया एवं शिक्षा के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी गणित की उपयोगिता का वर्णन किया। तेजस और कंगना ने अपने सुविचार के माध्यम से बताया कि गणित चीजों को जटिल बनाने की बजाय किस प्रकार सरल बनाता है।



फतेहाबाद। राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं।

गार्गी और चेष्टा ने अपने व्याख्यान के माध्यम से गणित व गणित दिवस के महत्व, श्रीनिवास रामानुजन के गणित के क्षेत्र में योगदान से अवगत कराया। निकुंज ने जहां मैथ्स की फुल फॉर्म बताई वहीं जन्नत और मोहिनी ने पायिथागोरस, शून्य, पाई त्रिभुज, चतुर्भुज आदि के आविष्कारों तथा आविष्कारकों से परिचित कराया। राशि और तान्या ने गणित से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। दिशा, मयंक और हर्षिता ने सुंदर कविताओं के जरिये गणित से न डरने की प्रेरणा दी। नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका में अन्य विषयों मे गणित के महत्व पर चर्चा की गई एवं गणित विषय से न डरने और दोस्ती करने को दर्शाया। एक सुंदर एक्ट के माध्यम से श्रीनिवास रामानुजन द्वारा प्रतिपादित हार्डी रामानुजन नंबर 1729 को बड़े सुंदर ढंग से समझाया गया। प्रधानाचार्या पूनम ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गणित से डरने की आवश्यकता नहीं है, अपितु इसे दैनिक जीवन से जोड़कर बार-बार अभ्यास करने से बहुत ही सरलता से समझा जा सकता है। गणित हमें सकारात्मकता जीवन का पाठ भी सिखाता है कि जीवन की समस्याएं जटिल होते हुए भी हल की जा सकती हैं।



## खबर संक्षेप

### दुकान पर रखे दानपात्र को लेकर भागा युवक

**फतेहाबाद।** गांव एमपी रोही में दुकान में रखे गऊशाला के दानपात्र को एक युवक उठाकर फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव एमपी रोही निवासी विष्णु ने कहा है कि उसकी मेडिकल की दुकान पर एक व्यक्ति दवाई लेने आया। वह पीछे रखे कैम्पर से पानी लेने गया तो उक्त युवक काउंटर पर रखे श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला के दानपात्र को उठाकर भाग गया। भागने वाला युवक गांव धांगड़ निवासी कृष्ण कुमार था।

### आर्य समाज का मासिक यज्ञ व सत्संग 24 को

**फतेहाबाद।** स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर रविवार 24 दिसम्बर को आर्य समाज मंदिर, सुंदर नगर में प्रातः साढ़े 9 बजे मासिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भजनोपदेशक गौरव शास्त्री, टंकारा विशेष रूप से पहुंच रहे हैं। आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर ने बताया कि भजन-प्रवचन के बाद ऋषि लंगर की भी व्यवस्था की गई है।

### बेघर लोगों के लिए रात बिताने की व्यवस्था की

**सिरसा।** ठंड बढ़ने के साथ ही बेघर लोगों ने छत तलाशनी शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने भी लोगों को ठंड से बचाने के लिए शहर में एक स्थायी रैन बसेरा बनाया है, वहीं दो स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरा बनाने के लिए प्रक्रिया जारी है। बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन से करीबन दो किलोमीटर की दूरी पर स्थायी रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है, जिसमें करीब 50 लोग रात बिता सकते हैं।

### मास्टर ट्रेनरों की बैठक का आयोजन

**चोपटा।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सभी अधिकारियों में कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल मिशन कर्मयोगी के तहत डाइट डिंग में मास्टर ट्रेनरों की बैठक का आयोजन किया गया। डाइट प्रिंसिपल कपिल पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 26 कर्मयोगी मास्टर ट्रेनरों ने भाग लिया । डाइट के प्रवक्ता रोशन लाल, सतबीर सिंह व दिलीप सिंह ने मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विषय विशेषज्ञ दिलीप सिंह ने बताया कि मास्टर ट्रेनर ग्रुप बनाकर अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रेनिंग देंगे।



### श्याम बाबा की प्रतिमा का मनाया स्थापना दिवस

**टोहाना।** न्यू प्रभाकर कालोनी स्थित मां चिंतपूर्णी मंदिर में श्याम बाबा की प्रतिमा का दूसरा स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कालोनीवासियों ने बडे.उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी दीपक शर्मा ने विधिवत रूप से हवन यज्ञ एवं पूजन करवाया, वहीं रात को संकीर्तन आयोजित किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में जनसंवाद

# आम लोगों की शिकायतों का मौके पर ही हो रहा समाधान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत एक बेहतरीन पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। यात्रा के दौरान स्टालों पर योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वीरवार को जिला के गांव गंगा, गिदड़खेड़ा, शहीदांवाली, शमशाबाद, पंजुआना, नेजाडेला खुर्द, शेखुखेड़ा व पत्ती कृपाल में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव गंगा व गिदड़खेड़ा में हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवीलाल, गांव शहीदांवाली व शमशाबाद पट्टी में अमन चोपड़ा, गांव पंजुआना व नेजाडेला खुर्द में पूर्व विधायक राम चंद्र कंबोज, गांव शेखुखेड़ा व पत्ती कृपाल में मंजीत सिंह धालीवाल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अमीर चंद मेहता, भूपेश मेहता, मक्खन सिंह ख्योवाली, तरसेम सामा, सुनील बामणिया, सोनु कंबोज, बीडीपीओ रमेश कुमार मौजूद रहे। हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को मिलकर अलग अलग स्तर पर सहयोग के साथ भारत देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत एक बेहतरीन पहल है। इस यात्रा को उद्देश्य ना केवल लोगों को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए जागरूक करना है बल्कि इसके माध्यम से लोगों की विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर शिकायतों एवं त्रुटियों का मौके पर ही समाधान का प्रयास करना है।

### विद्यार्थियों ने विकसित भारत पोर्टल पर अपने विचार किया साझा, प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विकसित भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने आइडिया सांझे किए जा रहे हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रंजना ग्रोवर ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार विकसित भारत 2047 के तहत कॉलेज में कंप्यूटर साइंस, साइंस, कॉमर्स व आर्ट संकाय की ओर से प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया है। कॉलेज के विद्यार्थी इस लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं और साथ में अपने विचारों को सांझा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज की कंप्यूटर लैब में विकसित भारत आइडियानेशन सेंटर स्थापित किया गया है जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। कॉलेज के अधिकतर विद्यार्थियों ने इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने विचारों को शेयर किया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित करवाई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज फैकल्टी की ओर से विकसित भारत वेबीनार में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई थी। इस मौके पर अनु कथुरिया, हरप्रीत कौर सही अन्य उपस्थित थे।

# खेल स्टेडियम का नींव पत्थर रखा

- जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला पहुंचे टप्पी गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। खेल स्टेडियम का नींव पत्थर रखते हुए अजय सिंह चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को गांव टप्पी में तकरीबन 19.50 लाख की लागत से बनने वाले स्टेडियम की नींव पत्थर रखा। इस मौके पर अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जन नायक जनता पार्टी निरंतर गांवों के विकास के लिए प्रयासरत है। गांव-गांव में खेल स्टेडियम व लाइब्रेरी बनाई जा रही है। गांव में खेल स्टेडियम बनने से युवाओं का खेलों में ध्यान जाएगा और वह लोग नशे से बचेंगे। ग्रामीणों ने खेल स्टेडियम के लिए जेजेपी नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अजय सिंह चौटाला ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और उनका मौके पर निदान भी किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सर्वजीत सिंह मसीतां, हल्का अध्यक्ष नरेंद्र बराड़, युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह, मटदादू, मंजीत सरपंच, मंदर सिहाग, गुरप्रीत सरपंच पाना, इन्दरजीत टप्पी, मनप्रीत सरपंच टप्पी, साहब राम,रेशम सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।



फतेहाबाद। आंखों पर पट्टी बांधकर मंत्री के सामने किताब पढ़ती रिया।

### आंखों पर पट्टी बांधकर पंचायत मंत्री के पास आई अर्जियों को रिया ने पढ़ा, हैरान रह गए मंत्री

फतेहाबाद। वंडर गर्ल के नाम से मशहूर रिया जांगड़ा टोहाना में पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के निवास पर पहुंची। रिया जांगड़ा ने आंखों पर पट्टी बांध कर किताबें, लोगों द्वारा पंचायत मंत्री को दी जाने वाली अर्जियां पढ़कर सुनाई तो न केवल लोग बल्कि मंत्री बबली भी हैरान रह गए। रिया जांगड़ा का कहना है कि यह कोई जादू नहीं बल्कि दिमाग की शक्तियों को पहचानकर की गई विद्या है। आंखों पर पट्टी बांधकर रिया जांगड़ा ने बबली द्वारा दी गई किताब का टाइटल, उसका रंग, किताब के कवर का रंग आदि हूबहू बता दिया।

### स्वयंसेवकों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**टोहाना।** मॉडल केएम विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी रघुबीर सिंह नैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को पर्यावरण के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

प्रिंसिपल रणधीर पूनिया द्वारा स्वयंसेवकों को पर्यावरण के बारे में बताते हुए कहा कि हमें स्वच्छ भारत की तर्ज पर चलते हुए शिविर में सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिये। एनएसएस इंचार्ज अनिल कुमार व नीति मेहता ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों को सामाजिक कायारे् का ज्ञान देना होता है।

# सरकार के खिलाफ जताया रोष

- दोनों सदनों के 146 सांसदों को निलम्बित करके भाजपा सरकार ने खुलेआम लोकतंत्र की हत्या की है: बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में शुक्रवार को दोनों संदनों से 146 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ रोष जाहिर किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता बजरंग दास गर्ग ने कहा कि दोनों सदनों में विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करना भाजपा सरकार द्वारा सरेआम लोकतंत्र की हत्या है, जिसकी जितनी निंदा की जाए थोड़ी है जबकि सरकार बेरोजगारी, महंगाई व जनता की समस्या पर चर्चा करने की बजाएं सदन से भागने में लगी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सदन की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक हुई। उस पर रक्षा मंत्री जी ने कोई जवाब नहीं दिया। गर्ग ने कहा कि अगर सरकार को विपक्ष की बात सुननी ही नहीं है तो लोकसभा सत्र बुलाने का सरकार ड्रामा बंद करें और जनता का लाखों-करोड़ों रुपए बर्बाद ना करें। मौके पर कलावाली विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, आनंद बियानी, अमीर चावला, सुभाष जोधपुरिया, नवीन केडिया, रामकुमार खैरेकां, राम सिंह सोलंकी, जिला युवा अध्यक्ष नवनीत कांबोज आदि मौजूद थे।

### चौपटा में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

**चोपटा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी चौपटा में खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र गोदारा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रदर्शनी में खंड के सभी विद्यालयों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए संदीप नुईया ने बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ग्रुप ए में छठी से आठवीं व ग्रुप बी में नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग, रोल प्ले व मॉडल मेकिंग के अंतर्गत ग्रुप ए में स्वास्थ्य थीम में जोधकां स्कूल की छात्रा महक द्वारा बनाए स्पीकिंग ट्री मॉडल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# खाद किल्लत को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। सीटीएम को नरमा खरीद व खाद किल्लत को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान सभा के नेता। फोटो : हरिभूमि

सीसीआई द्वारा बिना कोई शर्त नरमा-कपास की सरकारी खरीद करने, फसलों की एमएसपी पर खरीद शुरू करवाने, यूरिया खाद की समस्या का स्थाई समाधान करने व गांव की सोसायटियों में खाद का प्रबंध करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल आज जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में सीटीएम से मिला और उन्हें उपायुक्त के नाम मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर किसान सभा के तहसील प्रधान सुभाष चन्द्र भादू, बिशन सिंह ढाबी खुर्द, सुभाष साई, महेन्द्र सिंह, साधूराम, कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, रोहताश कुमार, सत्यवान, रामस्वरूप, सतबीर सिंह सहित अनेक किसान मौजूद रहे। किसान नेता विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि फतेहाबाद जिले में नरमा-कपास का ज्यादा हिस्सा भट्टूकलां इलाके में है। इस साल जलभराव व सेम की वजह से पहले ही नरमा-कपस की कम पैदावार हुई है। उसमें भी गुलाबी सुंडी का प्रकोप और चुगाई को लेकर बढ़े खर्च ने किसानों की आर्थिक हालात को ओर भी खराब कर दिया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 50 से 60 प्रतिशत किसानों के घरों में आज भी नरमा पड़ा है जबकि सीसीआई ने क्वालिटी के नाम पर खरीद बंद कर रखी है।



सिरसा। गणित मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रिंसिपल रघुवीर शर्मा व अन्य।

### रूपावास स्कूल में गणित मेला आयोजित

**सिरसा।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रुपावास में गणित मेले का आयोजन किया गया, जिसमें गणित मॉडल प्रदर्शनी करवाई गयी। विद्यालय प्रवक्ता डा. कृष्ण ढाका ने बताया की विद्यार्थियों ने गणित विषय पर आधारित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए तथा उनके वैज्ञानिक तथ्यों के बारे में अवगत करवाया। गणित मेले में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विशाल बा?ी प्रवक्ता गणित ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रिंसिपल रघुबीर शर्मा, बीआरपी शंकर शर्मा व एबीआरसी रिंपल अरोड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों के कार्य की सराहना की। गणित प्रवक्ता प्रवीण कुमार मंडल तथा गणित अध्यापक नीरज सुखीजा ने गणित प्रदर्शनी का सफल संचालन किया और डा. धर्मवीर भाटिया व राजेन्द्र सहू ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 में अंशु का मॉडल प्रथम स्थान, कोमल, रेखा व बबीता द्वितीय स्थान पर तथा प्रेरणा, दीपिका, पूनम व सौरव का मॉडल तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा 9 से 12 में मीनाक्षी व ट्विंकल का मॉडल प्रथम स्थान पर, सलोनी व संगम का मॉडल द्वितीय स्थान पर और अंकिता, खुशी व भारती का मॉडल तृतीय स्थान पर रहा।

# ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर जड़ा ताला

- सरपंच पर रंजिशन एचएम का ट्रांसफर करवाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। गांव कंवलगढ़ में स्कूल के बाहर धरना देते हुए ग्रामीण।

रतिया उपमंडल के गांव कंवलगढ़ में शुक्रवार को दर्जनों ग्रामीणों ने स्कूल के हेड मास्टर की ट्रांसफर होने के रोष स्वरूप स्कूल पर तालाबंदी कर दी और स्कूल के गेट के सामने धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने गांव के सरपंच पर रंजिशवश हेड मास्टर की ट्रांसफर करवाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण सतपाल पंच, जगतार सिंह, सर्वेश सिंह, विक्की सिंह, गुरदीप बढ़ावा, मनजीत कौर, सोमा देवी तथा अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के स्कूल की चारदीवारी करने के लिए लाखों रुपए की ग्रांट आई हुई थी और स्कूल का हेड मास्टर सुभाष स्कूल की चारदीवारी भी सही ढंग से करवा रहा था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के सरपंच ने अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर स्कूल के हेड मास्टर पर दबाव बनाया कि मुख्य गेट के अलावा चार दिवारी में गली की तरफ भी एक छोटा गेट निकाल दिया जाए ताकि ग्रामीण आ जा सके लेकिन स्कूल की सुरक्षा को देखते हुए हेड मास्टर द्वारा जब साइड पर गेट नहीं निकाला गया तो सरपंच द्वारा हेड मास्टर की ट्रांसफर करवा दी गई जिससे ग्रामीणों में भारी रोष पैदा हो गया। ग्रामीणों ने आज रोष स्वरूप स्कूल के गेट पर तालाबंदी कर दी और धरने पर बैठ गए और पंचायत के खिलाफ भी रोष प्रदर्शन किया।

# बेटी परीक्षा का पेपर देने को लेकर तनाव में थी, इसलिए लगाई फांसी

- बुआ बोली : भतीजी का विवाह अधेड़ व्यक्ति के साथ करने को लेकर विरोध जताने पर हत्या हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

क्षेत्र के गांव सनियाना में वीरवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक लड़की की मौत होने के बाद उसका अंतिम संस्कार करने पर बुआ की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चिता से अधजला शव शमशान भूमि से बरामद करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मृतका की मां व बुआ के अलग-अलग बयान कलमबद्ध किए। पुलिस अब शव को फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल से देर रात को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में लेकर जाएगी।

#### लड़की की मौत का मामला

बता दें कि वीरवार की देर शाम को पुलिस शिकायत में बरवाला निवासी एवं लड़की की बुआ पूनम देवी ने बताया था कि उसके भाई राकेश कुमार की करीब 5 वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी और उसकी पत्नी सोमा देवी ने गांव के ही मुकेश नामक युवक से शादी कर ली थी। उसकी भतीजी तमन्ना 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी और 15 दिसंबर 2023 को सिरसा जिला के गांव कंवरपुरा निवासी रोहताश के साथ विवाह कर दिया। 18 दिसंबर को तमन्ना सनियाना गांव में आई तो उसको मार दिया। क्योंकि उसने अधेड़ उम्र के व्यक्ति से विवाह के खिलाफ आवाज उठाई थी। महिला की शिकायत के बाद एसएचओ सादी राम ने मौके पर पहुंचकर अंतिम संस्कार के लिए लड़की के शव को जलती चिता से बाहर निकला और डीएसपी को मामले की सूचना दी।



रतिया। एसएस जैन सभा के प्रधान संजू जिंदल को सम्मानित करते हुए गोशाला कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गोशाला कमेटी ने जैन सभा के नवनियुक्त प्रधान संजू जिंदल को किया सम्मानित, शुभकामएं दी

**रतिया।** एसएस जैन सभा के नवनियुक्त प्रधान संजू जिंदल का गौशाला कमेटी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रधान कृष्ण जिंदल व सदस्यों ने एसएस जैन सभा के नवनियुक्त प्रधान संजू जिंदल को प्रधान बनने पर उन्हें बधाई प्रेषित की और गौ माता की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर गौशाला कमेटी के प्रधान कृष्ण जिंदल ने कहा कि संजू जिंदल के प्रधान बनने पर एसएस जैन सभा नई ऊंचाई पर पहुंचेगी और जैन धर्म के प्रचार प्रसार में भी बल मिलेगा। प्रधान संजू जिंदल ने सम्मानित किए जाने पर गौशाला कमेटी का आभार प्रकट किया और कहा कि गौशाला कमेटी द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया है वह उसे कभी भुला नहीं पाएंगे। इस अवसर पर जैन एकता मंच के जिला प्रधान राजेंद्र मित्तल सहित गोशाला कमेटी के सभी सदस्य व अन्य समाजसेवी भी मौजूद थे।

### संतनगर में 5वां मेगा बैडमिंटन टूर्नामेंट 5 से

**सिरसा।** श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 5वां मेगा बैडमिंटन टूर्नामेंट गांव संतनगर के गुरदेव इंडोर स्टेडियम में 5 जनवरी से 7 जनवरी तक करवाया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तारीख 1 जनवरी है। 3 जनवरी तक सभी प्रतिभागियों को उनका शेड्यूल बता दिया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के ए क्लास रहने और भोजन का प्रबंध निःशुल्क रहेगा। ट्रस्ट के प्रधान हरपिंद्र सिंह कूका ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विजेता खिलाडियों को 2 लाख 30 हजार 100 रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को शाम 3 बजे पंजाबी पॉप व बॉलीवुड के प्लेबैक सिंगर अरविंदर सिंह व युवा गायन सनसनी आसा सिंह अपने गायन से कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगाएंगे।

## आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल भूना में खेलकूद प्रतियोगिता

# विद्यार्थी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा खेल : मनदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



भूना। खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल भूना में शुक्रवार को दो दिवसीय लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश खिचड़ ने संयुक्त रूप से किया। सरपंच एसोसिएशन भूना ब्लॉक के प्रवक्ता डॉ. मनदीप योगी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण धारनिया ने की।

सरपंच मनदीप योगी ने कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। किताबों से ज्ञान और खेलों में शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों से भी अपनी मंजिल को पाया जा सकता है, मगर खिलाड़ी में आगे बढ़ने का जुनून होना चाहिए। कनिष्ठ वर्ग में 100 मीटर की दौड में रितु ने प्रथम व अनीशा ने द्वितीय और सनम ने तृतीय स्थान लाया।

### मटका रेस में कीजल और नींबू रेस में खुशी प्रथम

मटका रेस में क्रीजल ने प्रथम व दिव्या ने द्वितीय और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नींबू दौड़ में खुशी ने प्रथम व सलोनी ने द्वितीय और दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बोरी रेस में तनीषा ने प्रथम व आईना ने द्वितीय तथा ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में गरिमा ने प्रथम व सूमी ने द्वितीय तथा कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग की लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिताओं में मटका दौड़ में पूजा ने प्रथम व स्नेह टिब्बी ने द्वितीय और स्नेहा धौलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गरिमा ने प्रथम व स्मिता ने द्वितीय और आशु तृतीय स्थान प्राप्त किया। बोरी रेस प्रतियोगिता में आस्था ने प्रथम व सपना ने द्वितीय और रितिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर मास्टर राजकुमार पूनिया, साहिल मण्डा, कीनती कुमार, विकास कुमार, हरदीप खिचड़ आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### इंटर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ खिलाड़ियों का चयन

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल महाविद्यालय बहबलपुर के बीए प्रथम वर्ष के छात्र मनप्रीत व राहुल का नार्थ ईस्ट जोन एथलीट गेम्स के लिए चयन हुआ। चौधरी विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा नार्थ ईस्ट जोन ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र राहुल ने 3000 मीटर रेस में प्रथम स्थान व मनप्रीत ने 5000 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

### बार एसो. पदाधिकारियो ने कार्यभार संभाला

**रतिया।** रतिया बार एसोसिएशन के दूसरी बार प्रधान बने देवेंद्र ग्रोवर के अलावा सचिव निशांत जिंदल, उप प्रधान सुखदेव सिंह, रणवीर वित्त सचिव और लवप्रीत सिंह सहायक सचिव व अन्य कार्यकारिणी ने आज बार रूम में विधिवत रूप से अपना कार्य बाहर ग्रहण कर लिया।

### वृंदावन धाम के लिए दो बसें रवाना

**सिरसा।** सांवरिया के सेवादार बस सेवा समिति द्वारा सिरसा से श्री वृंदावन धाम के लिए 2 बसें रवाना हुई। सांवरिया के सेवादार समिति के सेवादार भारत भूषण शर्मा, मनीष सोनी, रवि मिमानी ने बताया कि इस बस को प्राचीन श्री श्याम मंदिर संरक्षक श्रीमती तारा शर्मा ने बाबा श्याम की ध्वज दिखाकर रवाना किया।

### फाउंडेशन ने सरकारी स्कूल में बांटे गर्म वस्त्र

**सिरसा।** साथ चले फाउंडेशन की टीम शुक्रवार की सुबह थेहड़ मोहल्ला स्थित सरकारी स्कूल पहुंची और स्कूल के सभी 128 बच्चों को सर्दी से बचने के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण किया। संस्था के पदाधिकारी सीए दरवेश स्वामी ने बताया कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए गर्म वस्त्र वितरण किए गए हैं।

### नाहर सिंह की भैंस ने जीता 15 हजार का इनाम

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश में मुर्राह नस्ल भैंस की एक खास पहचान रही है। गत दिवस गांव ओटू में आयोजित दूग्ध प्रतियोगिता में पशुपालक नाहर सिंह की मुर्राह भैंस ने एक दिन में 18.438 किलोग्राम दूध देकर 15 हजार रूपये की ईनामी राशि जीती। पशुपालन विभाग के चिकित्सक डा. राजेन्द्र कुमार ने इस भैंस की लगातार तीन दिन तक दुग्ध क्षमता का मापन किया, जिसके बाद उसे विजेता घोषित किया गया।

### सिहाग कष्ट निवारण कमेटी के सदस्य नियुक्त

**रतिया।** हरियाणा सरकार द्वारा ग्राम पंचायत रत्ताखेड़ा के सरपंच व सरपंच संगठन के ब्लॉक प्रधान अरविंद सिहाग को जिला स्तरीय शिकायत निवारण कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने पर गांव के ग्रामीण व सरपंच संगठन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधायक लक्ष्मण नापा का आभार प्रकट किया है।

### निजी स्कूल संचालक ने बुक बैंक में भेंट की पुस्तकें

**सिरसा।** शहर के निजी स्कूल वि'डम के संचालक नछत्र सिंह ने स्व. जनक राज जैन की याद में गीता भवन वाली गली में बनाए गए बुक बैंक में 1500 से अधिक पुस्तकें जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए भेंट की। बुक बैंक की कोर्डिनेटर मोनिका ने किताबें प्राप्त की। स्व. जनकराज जैन के सुपुत्र मोहित जैन ने बुक भेंट करने वाले स्कूल संचालकों का तहदिल से आभार व्यक्त किया।

### पूरन मुद्गल आख्यान माला 24 दिसंबर को

**सिरसा।** युवक साहित्य सदन में भगत सिंह संस्थान सिरसा द्वारा 24 दिसंबर रविवार की प्रातः 10.30 बजे पूरन मुद्गल आख्यान माला की चौथी कड़ी का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव विशाल वत्स ने बतााय कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष मानसा टोहाना से शिरकत करेंगे।

# डबवाली के लोग नहीं भूले 23 दिसंबर

- स्कूल में आग लगने से 442 बच्चों व उनके अभिभावकों की जान चली गई थी

सुभाष सेठी ▸▸ डबवाली



सिरसा। डबवाली अग्निकांड की फाइल फोटो।

23 दिसंबर 1995 को डबवाली में घटित हुए देश के भयावह अग्निकांड को घटित हुए बेशक 27 साल गुजर गए हैं मगर इस भयानक मंजर को झेलने वाले डबवाली वासियों के दिल में इसकी याद आज भी ताजा है। इस अग्निकांड की पीड़ा आज भी पीड़ित लोगों के चेहरों पर देखी जा सकती है। 442 कीमती जानें लेने वाली इस अग्नि त्रासदी ने लोगों को जो जख्म दिए हैं उन्हें शायद कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। कितने वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी अनेकों ऐसे लोग हैं जो अपने शरीर पर आग के निशान लिए अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। 23 दिसंबर 1995 की वह काली दोपहर जब डी ए वी स्कूल का 7वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह अपने यौवन पर था। नन्हें-मुन्हें बच्चे रंग बिरंगी पोशाकों में मंच पर अपना कार्यक्त्रम दे रहे थे। हर तरफ हंसी खुशी का माहौल था। अनेक प्रशासनिक अधिकारी, बच्चों के अभिभावक, अध्यापक, पत्रकार भी इस कार्यक्त्रम में उपस्थित थे। दोपहर 1 बजकर 47 मिंट पर आग ने अपना क्रूरतम खेल आरंभ कर दिया। न जाने कहां से एक आग की चिंगारी उठी और देखते ही देखते आग ने पूरे पंडाल को अपनी चपेट में ले लिया ।हंसते खेलते लोग लाशों में बदल गए। पंडाल में बैठे 1300 दर्शकों में से तुरंत 388 काल का ग्रास बन गए। घायल हुए 250 लोगों में से 54 बाद में भगवान को प्यारे हो गए। यह अग्निकांड देश के सबसे भयावह अग्निकांड के रूप में जाना जाने लगा। डबवाली के लोग इस काले दिन को याद करते हुए अग्निकांड स्मारक स्थल पर हर वर्ष 23 दिसंबर के दिन श्रद्धांजलि कार्यक्त्रम करते हैं। इस मौके पर शहर में रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं। स्मारक स्थल पर धार्मिक आयोजन होते हैं। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित होकर बिछड़ी आत्माओं को मौन श्रद्धांजलि भी अर्पित करते हैं।

# मानक ब्यूरो की दी जानकारी

- सरपंचों को दी भारतीय मानक ब्यूरो संबंधी उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देती संतोष राज।

रानियां के सामुदायिक केंद्र में रानियां ब्लॉक के सभी सरपंचों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा बीडीपीओ आनंद श्रीवास्तव के सहयोग से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्त्रम में ऑल इंडिया कं'यूमर वेल्फेयर काऊंसिल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान गुरभेज सिंह ढिल्लों, ऑल इंडिया कं'यूमर वेल्फेयर काऊंसिल की वरिष्ठ महिला उपप्रधान संतोष राज व कं'यूमर वेल्फेयर काऊंसिल हरियाणा की रा'य प्रधान एडवोकेट सिंपल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने रानियां ब्लॉक के सभी सरपंचों को भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित जानकारी विस्तार से दी और बीआईएस केयर एप डाउनलोड करवाया। इससे गांव के किसानों को कृषि क्षेत्र में भी काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि बीआईएस केयर एप से गुणवत्ता चिन्हों की पहचान किस प्रकार से की जा सकती है एवं किसान अपने कृषि में उपयोग होने वाले उपकरणों की जांच कैसे करें, के बारे में विस्तार से बताया गया। सिविल कार्योर् से संबंधित उत्पादक मानक, कृषि से संबंधित, जल आपूर्ति से संबंधित स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई।

## इंडिया गठबंधन के नेताओं ने की नारेबाजी

# सांसदों के निलंबन के विरोध में दिया धरना

aहरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




फतेहाबाद। लघु सचिवालय के बाहर धरना देते इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता।

लोकसभा और राज्यसभा के विपक्ष के 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया गठबंधन के घटक दलों द्वारा फतेहाबाद में लघु सचिवालय पर धरना दिया गया। धरने में कांग्रेस के अलावा वामपंथी दलों के नेता भी शामिल हुए और मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने लोकतंत्र के मंदिर में ही लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि जब से देश में भाजपा सत्ता में आई है, उसने तानाशाही रवैया अपना हुआ है। भाजपा को पता था कि राज्यसभा में बहुमत न होने के चलते वह अपने बिलों को पास नहीं करवा सकती, ऐसे में उसने जानबूझ कर विपक्षी के इतने सांसदों को सस्पेंड करवा दिया। संसद सुरक्षा के सवाल पर मोदी सरकार को घेरते हुए पूर्व सीपीएस ने कहा कि पीएम जब पंजाब में गए और उनकी सुरक्षा में चूक हुई तो उन्होंने इसकी सारी जिम्मेवारी पंजाब सरकार पर डाल दी थी। अब पीएम और गृहमंत्री की मौजूदगी में संसद सुरक्षा में चूक हुई है। विपक्ष जब सरकार से इसका जवाब मांग रहा तो देश की जनता को जवाब देने की बजाय 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे तानाशाही रवैया अपनाकर विपक्षी की आवाज को दबा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और सांसदों की बहाली को लेकर इंडिया गठबंधन द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया है। उपराष्ट्रपति की मिमिक्री मामले में मोदी सरकार को घेरते हुए पूर्व सीपीएस ने कहा कि देश की जनता का असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए उपराष्ट्रपति के मामले को भाजपा द्वारा जातीय रंग दिया जा रहा है।

### सरकार ने लोकतंत्र को चकनाचूर किया : सिवाच

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संविधान का कत्ल किया जा रहा है। भारत के लोकतंत्र को पहले दुनिया का सबसे बेहतरीन लोकतंत्र बताया जाता था, उसके आगे पूरी दुनिया नतमस्तक थी लेकिन जब मोदी सरकार ने उसी लोकतंत्र को चकनाचूर कर दिया है। लोकतंत्र के तीनों स्तंभ धाराशाही हो चुके हैं। चौथा स्तंभ मीडिया भी कैद होकर रह गया है। उन्होंने कहा कि अगर आज भी हम जागरूक नहीं हुए तो 2024 में देश एक बार फिर ऐसी ताकतों का गुलाम हो जाएगा। आज न न्यायपालिका बची है, न कार्यपालिका और न ही विधायिका।

### भाजपा से लेंगे पाई-पाई का हिसाब : दौलतपुरिया

पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि देश के इतिहास में पहले बार 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। केन्द्र की मोदी सरकार ने संविधान को बुलडोजर से कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति मामले को भाजपा द्वारा जानबूझ कर तूल दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने वहां सिर्फ वीडियो बनाई और यह वीडियो वायरल भी नहीं की, इसके बावजूद भाजपा के नेता उनका इस्तीफा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आते ही भाजपा सरकार द्वारा जबरदस्ती थौंपे जा रहे सभी कानूनों को वापस लिया जाएगा और पुरानी परम्परा बहाल होगी। भाजपा के नेताओं से पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा।

# छात्रों ने बनाया मैथेमैटिक्ल पार्क

- ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना



टोहाना। ग्रीन वैली स्कूल में अपनी कला का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मैथेमैटिक्ल पार्क बनाकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने मल्टीपिकेशन टेस्ट, शेपस, ट्रेन आफ डिफरेंट शेप्स, ऐंगलस, मैथ्स लर्निंग डिवाईस, बार ग्राफ, थ्री डी शेप्स, फरैक्शन, स्कूल क्लाक, इक्विलैटरल ट्रायंगल, प्रोबेबिलिटी व्हील ओड-इवन नंबर, ज्योमेट्री बाक्स, पैरलल एंड ट्रांसवर्सल लाइनस, किलोमीटर, कैलकुलेटर, सांप-सीढ़ी, स्टैपू, पासा व वृत पर आधारित सुंदर माडल बनाकर गणित को आसानी से समझने के तरीके बताए।

स्कूल चेयरमैन गौरव भुटानी व प्रधानाचार्या महिमा तनेजा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कला की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गणित एक ऐसा विषय है, जिसका व्यावहारिक ज्ञान अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गणित को आसान तरीके से प्रैक्टिकल ज्ञान के द्वारा ही समझा जा सकता है। इस तरह के माडल बनाकर ही गणित को एक रोचक विषय बनाया जा सकता है। जिससे छात्रों को फायदा होगा।

# शहीद जयपाल गिल की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

बाबा रविपुरी क्रिकेट क्लब ठरवा द्वारा अमर शहीद जयपाल गिल की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। युवाओं को संबोधित करते हुए देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल भी स्वस्थ जीवन शैली की महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी अवश्य भाग लें। उन्होंने कहा कि खेल हमारे स्वास्थ्य को स्वस्थ रखता ही है बल्कि हमें अनुशासन व सहनशीलता के साथ जीवन व्यतीत करने के बारे में भी सिखाता है। पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए समय-समय पर विभिन्न स्कीमों के माध्यम से खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करती है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ी नए-नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक खिलाड़ियों ने देश को कई अंतर्राष्ट्रीय पदक दिलाये है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि युवाओं को नशाखोरी छोड़कर खेलों की ओर अपना रुझान बढ़ाना चाहिए।

### एचएसजीपीएस चुनाव : पटवारी गुरूद्वारों में जाकर बना रहे वोट, 3 जनवरी तक दर्ज होंगे नाम

**रतिया।** उपमंडलाधीश जगदीश चंद्र ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा 18 दिसंबर, 2023 को प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी सिख जो अपेक्षित योग्यता पूरी करता है और उसने अभी तक अपना नाम हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है, वह 18 दिसंबर से 3 जनवरी, 2024 तक अपना नाम दर्ज करवा सकता है। एसडीएम ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव बारे अधिकारियों व सभी पटवारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए सभी पात्र व्यक्ति अपने वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि

# रंजिश के चलते युवक की हत्या का प्रयास, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में काम करने वाले मजदूर पर पुरानी रंजिश के चलते कुछ युवकों द्वारा तेजधार हथियारों से हमला करने का समाचार है। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कबीर बस्ती निवासी राजेश ने कहा है कि वह अनाज मण्डी में तुलाई झराई का काम करता है। गत दिवस शाम को वह काम के बाद वापस घर आ रहा था। जैसे ही वह शिवालय मार्किट के पास पहुंचा तो संजीव उर्फ शिवा निवासी कबीर बस्ती अपने दो दोस्तों रतिश निासी डोगरा मोहल्ला हिसार व सन्नी निवासी महावीर कालोनी हिसार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया। इसके साथ एक ओर मोटरसाइकिल पर दो युवक भी थे। इन सभी के पास तेजधार हथियार थे। शिवा ने बाईक रोककर उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। जब उसने रोका तो इन युवकों ने तेजधार हथियारों चाकू, सुआ आदि से जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। उसका शोर सुनकर जब आसपड़ोस के लोग इकट्ठा होने लगे तो हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बाद में उसके पिता ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। राजेश ने बताया कि कुछ महीने पूर्व शिवा अपने घर के सामने शराब के नशे में खड़ा था और उसके साथ कहासुनी करने लगा। पड़ोस का मामला होने के कारण आपस में सुलझ गया था।

# ललित बने स्कूल एसो. के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया



रतिया। फेडरेशन ऑफ प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए राकेश ललित को बधाई देते सदस्य।

फडरेशन ऑफ प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक जीडी ज्योति स्कूल में जिलाध्यक्ष रोमी गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रोमी गोस्वामी ने अपना कार्यकाल पूरा होने के पश्चात अपने पद से इस्तीफा दे दिया तथा नए चुनाव करवाने की पेशकश की। उन्होंने राकेश ललित के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। आगामी वर्ष के लिए मुलखराज चुघ को सचिव व भूषण बजाज को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव संपन्न होने के पश्चात जिला अध्यक्ष रोमी गोस्वामी ने कहा कि पिछले वर्ष जिस प्रकार स्कूल संचालकों ने उनके कार्यकाल में सहयोग दिया है वह उसके लिए सदा आभारी रहेंगे तथा आगे भी वह अपना पूरा सहयोग नई बॉडी को देंगे। नवनियुक्त प्रधान राकेश ललित ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे स्वीकार करते हैं तथा सभी सदस्यों को आश्वस्त करते हैं कि वह आगामी वर्ष में मिलकर काम करेंगे।

# प्राचार्य को मारने की धमकी देने वाला जेबीटी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

उप मंडल के गांव लांबा के पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य उग्रसेन को जान से मारने की धमकी देने और गाली-गलौज करने वाले जेबीटी अध्यापक प्रवीण कुमार को शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उनकी ड्यूटी खंड शिक्षा अधिकारी रतिया के कार्यालय में होगी। निलंबन के आदेश डिस्टिक एलिमेंट्री ऑफिसर द्वारा जारी किए गए हैं। गत 18 नवंबर को स्कूल के प्राचार्य उग्रसेन ने पुलिस को प्रवीण कुमार के खिलाफ शिकायत दी थी कि ढाणी काका सिंह स्कूल के जेबीटी प्रवीण कुमार ने उसके विद्यालय के कई स्टाफ सदस्यों को फोन करके उसे जान से मारने की धमकी दी और उसके बारे में काफी गाली-गलौच की। साथ ही इतिहास के प्रवक्ता शांति कुमार के फोन के माध्यम से प्रवीण कुमार ने उससे भी बात की और धमकाने वाले लहजे का प्रयोग किया व जान से मारने की धमकी की दी जोकि पूरी धमकी फोन में रिकॉर्डिंग हो गई है। प्राचार्य ने शिकायत में आरोप लगाया था कि प्रवीण कुमार का तौर तरीका व उसका धमकाने वाला लहजा उसके कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल रहा है और उसकी जान का खतरा है।

## अधिवक्ताओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया

# जेएनवी के विद्यार्थियों को सफलता के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




फतेहाबाद। पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी में आयोजित मार्गदर्शन और परामर्श सत्र को संबोधित करते अधिवक्ता।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी ने एक आदर्श और शिक्षित समाज की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम यहां मार्गदर्शन और परामर्श सत्र आयोजन के रूप में लिया। इस सत्र के विशेषज्ञ अधिवक्ता डॉ. मनोज कुश और अधिवक्ता नवीन नवोदय ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य की दिशा में सहारा देने के लिए अपनी बहुविधा और दृढ़ सांस्कृतिक मूल्यों को अपने निजी अनुभवों से जोड़ते हुए सांझा किया। इस सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की दिशा में मार्गदर्शन देने के लिए अधिवक्ताओं ने विशेषज्ञता और सार्थक ज्ञान युक्त संबोधन किया। अधिवक्ता डॉ. मनोज कुश ने कहा कि मार्गदर्शन हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण कारक है जो हमें सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। उन्होंने बच्चों को उनकी रुचियों और प्रतिबद्धता के हिसाब से विभिन्न केरियर विकल्पों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही प्रांत की उल्लेखनीय खेल उपलब्धियों, विशेषकर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अनुभवों को आधार बनाते हुए अनेक उदाहरण दिए। उन्होंने छात्रों को स्वॉट विश्लेषण की महत्ता समझाई और उन्हें अपनी शक्तियों और कमजोरियों को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नौकरी व अन्य सेवाओं के साथ साथ बिजनेस को भी विकल्प के रूप में रखने की सलाह दी। अधिवक्ता नवीन नवोदय ने विद्यार्थियों को उदार भाषणों तथा दार्शनिकता के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को व्यावसायिक मार्गदर्शन के लिए विशेषज्ञता देने के लिए उन्होंने व्यापारिक जगहों और उद्यमिता की दुनिया के बारे में बताया। परामर्श सत्र में प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया विद्यालय के छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए यह सत्र एक सफल प्रयास है।

# किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता : बबली



**टोहाना।** पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। नहरी तंत्र मजबूत किया जा रहा है और खालों का निर्माण कर टेल तक पानी पहचाया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने शुक्रवार को एमआई काडा द्वारा गांव ढाणी डुल्ट, समेन, कुलां, चन्दडकलां, नाढोडी, बुआन, खनौरा, अमानी, दमकौरा, सांचला, आकांवाली, मुंदलिया, पिरथला, ठरवा में 6 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत के बनाए गए नए सिंचाई खालों का उदघाटन किया। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि नहरी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।